
समाचार

# 13 नवम्बर को कोरबा शहर में 07 किलोमीटर दूरी के '' यूनिटी मार्च '' का होगा भव्य आयोजन

## (निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने जिला प्रशासन, खेल विभाग व नगर निगम के अधिकारियों के साथ रूट का किया निरीक्षण, आयोजन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश)




कोरबा 11 नवम्बर 2025 – लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 13 नवम्बर को प्रातः 09 बजे से कोरबा शहर में लगभग 07 किलोमीटर दूरी की '' यूनिटी मार्च '' (एकता रैली) का आयोजन किया जाएगा। यूनिटी मार्च पम्प हाउस ब्रिलियंट स्कूल के समीप स्थित कुर्मी समाज भवन परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक–चौराहों व मुख्य मार्गो से गुजर कर शास्त्री चौक निर्मला स्कूल पहुंचेगा, जहॉं पर मुख्य मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न होगा। आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं निगम के अधिकारियों के साथ यूनिटी मार्च के समूचे रूट का निरीक्षण कर यूनिटी मार्च के भव्य आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. दिनेश कुमार नाग, ए.डी.एम. देवेन्द्र पटेल, अपर कलेक्टर ओंकार यादव, एस.डी.एम. सरोज महिलांगे, सी.एस.पी. भूषण एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. उपाध्याय, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, उपायुक्त पवन वर्मा, सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में '' यूनिटी मार्च '' का आयोजन कोरबा शहर

में 13 नवम्बर गुरूवार को प्रातः 09 बजे से किया जाएगा। निगम के उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि टी.पी.नगर स्टेडियम के आगे पम्प हाउस तुलसीनगर मुख्य मार्ग पर ब्रिलियंट स्कूल के समीप स्थित **कुर्मी समाज भवन परिसर** में स्थापित लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर '' यूनिटी मार्च '' का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त परिसर से यूनिटी मार्च रवाना होकर स्टेडियम रोड होते हुए **टी.पी.नगर चौक** से होकर **सी.एस.ई.बी.चौक** के आगे विवेकानंद उद्यान के सामने **अटल परिसर** पहुंचेगा, जहॉ पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वापस **सी.एस.ई.बी.चौक** होकर यूनिटी मार्च का आगमन बुधवारी स्थित **महाराणा प्रताप चौक होगा,** जहॉ पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वहॉ से यूनिटी मार्च रवाना होकर **घंटाघर जाएगा** तथा डॉ.भीमराव अंबेडकर व पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के पश्चात यूनिटी मार्च **निहारिका रोड सुभाष चौक पहुंचेगा**, जहॉ पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात यूनिटी मार्च का आगमन **शास्त्री चौक** होगा, जहॉ पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वहॉ पर स्थित **निर्मला स्कूल** के सामने यूनिटी मार्च का समापन होगा तथा विभिन्न मंचीय कार्यक्रम होंगे। शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, वहीं आदिवासी विकास विभाग के द्वारा नर्तक दल की व्यवस्था की जाएगी, यूनिटी मार्च का पूरा रूट 07 से 08 किलोमीटर के मध्य होगा तथा पूरे मार्ग में 05 स्टापेज होंगे, आयोजन में लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के अखण्ड भारत की प्रतिकृति के साथ बैनर, पोस्टर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

**रूट की साफ–सफाई के साथ होंगी अन्य व्यवस्थाएं** – निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ '' यूनिटी मार्च '' के सम्पूर्ण रूट का सघन रूप से निरीक्षण कर सड़कों की विशेष साफ–सफाई, रूट में पड़ने वाले चौक–चौराहों पर सुविधा स्थल स्थापित करने, पेयजल व्यवस्था, स्वल्पाहार, महापुरूषों की प्रतिमा स्थलों पर माल्यार्पण की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, सम्पूर्ण रूट में आवागमन व यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा कर चुस्त–दुरूस्त व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

**यूनिटी मार्च में सहभागिता देने प्रशासन ने की अपील** – 13 नवम्बर गुरूवार को आयोजित '' यूनिटी मार्च '' के आयोजन में शहीद परिवार के सदस्यों, कोरबा के गौरव व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के विशेष आमंत्रण के साथ–साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारीगण, नागरिकगण, विद्यालयीन छात्र–छात्राएं सहित अन्य लोग शामिल होंगे, जिला प्रशासन द्वारा पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारबंधुओं, नागरिकों तथा समस्त शहर वासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए यूनिटी मार्च में अपनी सहभागिता प्रदान करें तथा आयोजन को भव्यतम स्वरूप दें।